卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 271 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦8 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ट्रक की टक्कर से छह कांवड़िये घायल

### कांवड़ियों से भरे छोटा हाथ वाहन को मारी टक्कर

हरिद्वार(उद संवाददाता)। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे कांवड़ियों से भरे छोटा हाथी वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में नौ कांवड़िए घायल और चालक हो गया। पुलिस ने सभी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चार कांवड़ियों समेत चालक की गंभीर हालत देखते हुए ऋषिकेश एम्स रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की रात करीब दो बजे दिल्ली निवासी नौ कांवड़िए एक छोटे हाथी में सवार होकर हरिद्वार गंगा जल लेने जा रहे थे। जैसे ही छोटा हाथी हरिद्वार हाईवे पर स्थित एकता ईंटभट्टे के सामने पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगते ही छोटे हाथी में सवार कांवड़ियों में चीख- पुकार मच गई। हादसा होते देख हाईवे से गुजर रहे लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने चालक और चार कांवड़ियों की गंभीर (शेष पृष्ठ सात पर)



## गंगनहर में कूदा कांवरिया साथी ने भी लगाई छलांग

रुड़की(उद ब्यूरो)। हरिद्वार से जल लेकर लौट रहा एक कांवड़ यात्री धनोरी में नीले पुल के पास कांवड़ समेत गंग नहर में कूद गया यह देख मौके पर हड़कंप मच गया। उसके साथ चल रहा उसका साथी भी उसे बचाने के चक्कर में गंगनहर में कूद गया। घटना को लेकर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के गोताखोरों ने घंटों तक दोनों की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात दो कांवड़ यात्री कांवड़ लेकर रुड़की की तरफ आ रहे थे। जैसे ही दोनों कलियर के धनोरी में नीले पुल के पास पहुंचे तो अचानक ही इनमें से एक कांवड़ यात्री ने कांवड़ समेत गंग नहर में छलांग लगा दी। उसे गंग नहर में कूदते देख साथी हक्का-बक्का रह गया। साथी के गंगनहर में कूदने पर दूसरे कांवड़ यात्री ने शोर मचा दिया। जिसके बाद आसपास के कांवड़ यात्री भी मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान साथी को बचाने के चक्कर में दूसरे कांवड़ यात्री ने भी गंगनहर में छलांग लगा दी। दूसरा कांवड़ यात्री भी गंगनहर में डूब कर लापता हो गया। सूचना मिलते ही कलियर थाना प्रभारी जहांगीर अली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जल पुलिस के गोताखोरो ने दोनों यात्रियों (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## सगे भाई को ईट मारकर फोड़ा सिर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शिवनगर निवासी दो भाइयों में झगड़ा इतना बढ़ा कि छोटे भाई ने बड़े भाई का ईंट मार कर सिर फोड़ दिया। जानकारी के अनुसार शिवनगर वार्ड नंबर 7 में रहने वाले देव सिंह पुत्र राम प्रकाश ने बताया कि गत रात्रि उसका छोटा भाई (शेष पृष्ठ सात पर)



## मकान की छत गिरने से दंपत्ति घायल

हरिद्वार (उद संवाददाता)। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में बारिश के कारण मकान की छत गिरने से अंदर सो रहे पति-पत्नी घायल हो गए। आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जबकि क्षेत्र में ही एक और मकान की छत गिर गई। ज्वालापुर स्थित मोहल्ला घोसियान में सिकंदर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका मकान पुराने समय का बना हुआ है। पिछले कई दिन से हो रही बारिश के कारण शनिवार की सुबह अचानक मकान की छत गिर गई जिससे अंदर सो रहे सिकंदर और उनकी पत्नी बानो छत गिरने से घायल(शेष पृष्ठ सात पर)



## आयुर्वेद विवि के मुख्य वित्त अधिकारी अमित जैन निलंबित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड आयुर्वेद विश्व विद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी अमित जैन को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं की जांच चल रही है। शासन को शिकायत मिल रही थी कि मुख्य वित्त अधिकारी अमित जैन विजिलेंस जांच को प्रभावित कर रहे हैं। लिहाजा, शासन ने 28 जून को यहां से हटाकर निदेशालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के गौला बाईपास से सटे जंगल में एक युवक का पेड़ से लटका हुआ शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतरवाकर अपने कब्जे में लिया और वहां खड़े लोगों से शव की शिनाख्त करने की कोशिश की। पहचान न होने पर पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। बताया जाता है कि मौके से जो सामान बरामद हुए हैं उनसे युवक की हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौलापुल से चंद कदम दूर स्थित स्लाटर हाउस के ठीक सामने जंगल में सड़क से करीब 150 मीटर अंदर राह गुजरते लोगों ने एक पेड़ पर युवक की लाश लटकी देखी। शव पाए जाने की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तमाम लोग वहां पर आ गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना बनभूलपुरा पुलिस ने मौके पर पहुंच (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में श्रमिक घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: सिडकुल क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से जिला बरेली निवासी 20 वर्षीय टिंकू कुमार पुत्र हरीश कश्यप यहां कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंम्प में किरायेदार के रूप में रहकर सिड कुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि आज प्रात: ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह साईकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। मार्ग में तेज गति से आते अज्ञात वाहन चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी । जिससे सिर व शरीर के अन्य अंगों पर (शेष पृष्ठ सात पर)



## भाजपा और कांग्रेस नेताओं में तीखी नोंक-झोंक

### धर्मशाला की भूमि पर कब्जे को लेकर जगतपुरा में हुआ बखेड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । अटरिया रोड जगतपुरा वार्ड 6 में निर्मित महाराजा दक्ष प्रजापति धर्मशला की सुरक्षा हेतु स्वीकृत धनराशि से कराये जा रहे कार्यों के दौरान भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर आज दो पक्षों में टकराव हो गया। इस बीच वहां खड़े भाजपा तथा कांग्रेस के नेताओं के मध्य तीखी नोंकझोंक भी हो गई और उन्होंने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोपों की झड़ी लगा दी। बाद में लोगों द्वारा धर्मशाला निर्माण कराए जाने पर मामला शांत हुआ। बताया जाता है कि अटरिया रोड जगतपुरा वार्ड 6 में महाराजा दक्ष प्रजापति धर्मशला स्थापित है। वर्तमान में नगर निगम द्वारा उक्त धर्मशाला की भूमि पर अतिक्रमण हटा कर सुरक्षा की दृष्टि से चारदीवारी, शैड आदि के लिए धनराशि स्वीकृत कर निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है। लेकिन स्थल पर (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
रुद्रपुर के विभिन्न क्षेत्रों में शाम को उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र वितरित करने के लिए युवकों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन
-संपर्क करें-
9760205563

# जनपद में 66 परीक्षा केन्द्रों पर होगी स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा


रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 09 जुलाई को आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा को इलैक्शन मॉड की तर्ज पर सम्पन्न कराया जाये ताकि परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शिता से सम्पन्न कराया जा सके। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु केन्द्र व्यवस्थापकों तथा पर्यवेक्षकों की डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार बैठक लेते हुए कही। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 09 जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में छोटी से छोटी लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा से करना सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि परीक्षा पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न हो, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा दिवस पर परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा-144 लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका निर्वहन बड़ी जिम्मेदारी से करना है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित समय के अनुरूप ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए। निर्धारित समय के बाद कोई भी



अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। उन्होंने निर्देशित करते हए कहा कि परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु लगे कर्मिकों की सूची पुलिस विभाग को अवश्य उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र में पेपर आयोग के दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए खोले जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल न हो। परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई फोटो स्टेट की दुकान खुली न रहें। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर ड्डूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी अपने साथ आईडी कार्ड जरूर लायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट परीक्षा केन्द्र पर लाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्र के बाहर इस सम्बन्ध में बड़े अक्षरों में नोटिस लगाकर यह स्पष्ट कर दिया जाये कि आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित परीक्षार्थियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा कार्य में संलग्न कर्मचारियों तथा अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश न करने दिया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी एवं नोडल अधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि जनपद मे भर्ती परीक्षा में 25471 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा दी जायेगी जिसके लिए जनपद में 66 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि किच्छा में 09, खटीमा में 11, रूद्रपुर में 19, काशीपुर में 22 तथा गदरपुर 05 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि तहसीलदार काशीपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, किच्छा, खटीमा को अपने- अपने कार्य क्षेत्रों में जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 28 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं जबकि 9 सैक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व रखे गये हैं। उन्होंने बताया कि 66 केन्द्र व्यवस्थापक तथा 66 पर्यवेक्षकों की तैनाती करने के साथ ही 16 पर्यवेक्षक रिजर्व रखे गए हैं। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, आयोग के प्रतिनिधि बृजलाल बहुगुणा, रवि मनराल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# बहू को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ गई सास

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में अगस्त्यमुनि के फलई गांव की 62 वर्षीय जानकी देवी ने हमलावर गुलदार से भिड़कर अपनी बहू पूनम देवी की जान बचा ली। बुजुर्ग के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे जख्म हैं। सीएचसी अगस्त्यमुनि में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि बहू पूनम भी घायल है, पर उसकी हालत में सुधार है। बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे फलई गांव की 62 वर्षीय जानकी देवी पत्नी सते सिंह राणा अपनी पुत्रवधू पूनम देवी पत्नी केशव सिंह के साथ मवेशियों के लिए घास लेने जंगल गई थीं। दोनों घास काट रही थीं। कुछ दूरी पर अन्य महिलाएं भी थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे गुलदार ने पूनम देवी पर हमला कर दिया। यह देख जानकी



देवी चिल्लाते हुए गुलदार से भिड़ गईं। इस पर गुलदार ने पूनम को छोड़ दिया और जानकी देवी को घसीट कर ले जाने लगा।इस पर, पूनम समेत अन्य महिलाएं चिल्लाने लगीं। लेकिन जानकी देवी ने हिम्मत नहीं हारी। एक तरफ गुलदार उन्हें घसीटता हुआ आगे बढ़ रहा था तो दूसरी तरफ उन्होंने गुलदार पर दरांती से हमला शुरू कर दिया, जिससे उसके मुंह पर चोट भी आई। सभी महिलाओं के चिल्लाने और जानकी देवी के हमले से परेशान होकर आखिर गुलदार उन्हें छोड़कर भाग गया।ग्रामीणों ने घायल जानकी और पूनम देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां जानकी देवी के सिर पर कई टांके लगाए गए। उनके चेहरे, पीठ और पैरों पर भी गहरे जख्म हैं। सिर के जख्मों को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं, पूनम देवी की हालत में सुधार है। वह, गुलदार के भय से काफी डरी-सहमी हैं। उधर, रुद्रप्रयाग के डीएफओ अभिमन्यु ने बताया कि गुलदार के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय से वर्ष 2000 से 2021 तक नियुक्तियों की वर्षवार मांगी रिपोर्ट

नैनीताल(उद संवाददाता)। हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय में हुई अवैध नियक्तियों के मामले में याचिकाकर्ता और विधानसभा सचिवालय से वर्ष 2000 से 2021 तक किसके कार्यकाल में कितनी नियुक्तियां हुई, उसकी वर्षवार रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि तीन सप्ताह के भीतर कोर्ट को यह रिपोर्ट शपथपत्र के माध्यम से पेश करें। मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त को होगी।मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय में बैकडोर भर्ती, भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के खिलाफ देहरादून निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव थापर ने जनहित याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया कि विधानसभा ने एक जांच समिति बनाकर 2016 के बाद विधानसभा सचिवालय में हुई भर्तियों को निरस्त कर दिया गया, जबकि उससे पहले की नियुक्तियों को निरस्त नहीं किया गया।याचिका में कहा गया कि विधानसभा सचिवालय में यह घोटाला 2000 में राज्य बनने से अब तक होता रहा है। याचिका में कोर्ट



से प्रार्थना की गई है कि विधानसभा सचिवालय भर्ती में भ्रष्टाचार से नौकरियों को लगाने वालों के खिलाफ हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में जांच कराई जाए और उनसे सरकारी धन की वसूली कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने 6 फरवरी 2003 को शासनदेश जारी कर तदर्थ नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी जो संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 187 का उल्लंघन है। इनके तहत हर नागरिक को सरकारी नौकरियों में समान अधिकार है। यह उत्तर प्रदेश विधानसभा की 1974 की सेवा नियमावली तथा उत्तराखंड विधानसभा की 2011 नियमावली का भी उल्लंघन है।

# थोक मंडियों में 50 से 70 रुपये किलो मिलेंगे टमाटर

## ओवर रेटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

देहरादून। टमाटर की आसमान छूती कीमतों से उपभोक्ताओं को निजात देने के लिए आज से मंडी के मूल्य पर आमजन को टमाटर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए मंडी में चार दुकानों पर फुटकर काउंटर लगाए जाएंगे। इन काउंटरों पर उपभोक्ताओं को 50-70 रुपये प्रति किग्रा की दर पर टमाटर मिलेंगे। इन काउंटरों पर उपभोक्ता सीमित मात्रा में ही टमाटर ले सकते हैं। निरंजनपुर मंडी में गढ़वाल मंडल के उपमहाप्रबंधक विजय थपलियाल ने आढ़तियों व क्षेत्रीय कार्मिकों के साथ बैठक में इस व्यवस्था को शनिवार से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रबंध निदेशक विपणन बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में ये व्यवस्था लागू की जा रही है। इसमें चार काउंटर टमाटर की फुटकर बिक्री के लिए लगाए जाएंगे। इसके लिए चार विक्रेताओं का भी नाम चुना गया है, जो ये काउंटर लगाएंगे। मंडी में फरीद एंड कंपनी, वर्मा एंड कंपनी, अवतार फ्रूट कंपनी और रवींद्र कुमार जग्गी की दुकान पर फुटकर काउंटर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता अधिकतम दो किग्रा टमाटर ले सकता है। अगर कोई व्यक्ति बार-बार टमाटर खरीदने के लिए पहुंचता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए अलग से टीम बनाई गई है। वर्तमान में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बढ़े दामों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। खास कर टमाटर के आसमान छूते दामों को देखते हुए अब कृषि उत्पादन मंडी समिति ने आम आदमी को टमाटर के दाम से राहत दिलाने का निर्णय लिया है। ऋषिकेश मंडी समिति आज से थोक मंडी में दो काउंटर लगाकर 50 से 70 रुपये प्रति किलो के दाम पर टमाटर उपलब्ध कराएगी। शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति ऋषिकेश के अध्यक्ष विनोद कुकरेती ने सब्जियों के बढ़े दाम को लेकर मंडी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधान मंडी स्थल में सब्जियों की आवक में कमी तथा कीमतों के वृद्धि को लेकर समीक्षा की गई। मंडी समिति के अध्यक्ष ने आमजन को महंगाई में राहत देने के लिए सुझाव मांगे। जिस पर मंडी सचिव विजय थपलियाल ने प्रधान मंडी स्थल में थोक दरों पर टमाटर विक्रय के लिए दो रिटेल काउंटर लगाने का सुझाव दिया। जिस पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। कुकरेती ने बताया कि टमाटर के भाव कम होने तक शनिवार आठ जुलाई से मंडी में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दो विशेष काउंटर लगाए जाएंगे। काउंटर पर टमाटर 50 से 70 रुपये प्रतिकिलो बेचे जाएंगे। शर्त यह होगी कि प्रति उपभोक्ता को दो किलो टमाटर ही दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फुटकर बाजार में भी अन्य सब्जियों के दाम नियंत्रित करने के लिए सचल दल को तैनात किया गया है। ओवर रेटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कमरे में मृत मिले जिला क्रीड़ा अधिकारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में क्रीड़ा अधिकारी के रूप में तैनात पिथौरागढ़ निवासी सी एल वर्मा का उनके आवास में मृत अवस्था में शव मिलने से सनसनी फैल गई।क्रीड़ा अधिकारी जब ड्यूटी टाइम तक ऑफिस नही पहुँचे तो सहयोगियों द्वारा उनके बारे में उनके आवास में सम्पर्क करने की कोशिश की गई।पहले मोबाइल से कॉल कर पता करने की कोशिश की गई पर फोन नही उठने पर कर्मियों ने सोचा कि मोबाइल साइलेंट में होने से फोन नही उठ रहा होगा, उसके बाद सहयोगी कर्मी उनके आवास पर पहुंचा, जहा दरवाजा खटखटाने पर कोई भी हलचल नही हुई जिसके बाद सहयोगी कर्मी ने बाहर से ही आवाज लगाई पर कोई भी उत्तर नही मिला,जिसके बाद वह कर्मी भी घबरा गया।जिसके बाद सहयोगी ने मामले की सूचना अन्य साथियों और आसपास के लोगों को दी, साथ ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई, वही आसपास के लोगों और विभागीय कर्मियों ने मिलकर कमरे का दरवाजा खुलवाया, वही पुलिस की मौजूदगी में बन्द कमरे में मृत अवस्था में मिले क्रीड़ा अधिकारी का शव पुलिस ने अपने कब्जे में लिया,



मामले में प्रभारी कोतवाल खष्टी बिष्ट ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है, मामले में मौत के असल कारणों की जांच की जा रही है, शव का पंचनामा भरकर शव का पोस्मार्डम कराया जा रहा है, प्रथम दृष्टया ह्रदयघात से मौत होना प्रतीत हो रहा है, असली कारणों का पता पोस्मार्डम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा।वही क्रीड़ा अधिकारी के कमरे में मृत मिलने की सूचना पर तत्काल डीएम अनुराधा पाल,एसपी हिमांशु वर्मा मौके पर पहुंचे।वही मामले में परिजनों को सूचना दी गई है, परिजन सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय पहुंच गए हैं। वही क्रीड़ा अधिकारी केआकस्मिक निधन पर जिपं अध्यक्ष बसंती देव, जिलाधिकारी सहित कपकोट विधायक सुरेश गड़िया,पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवन्त सिंह भौर्याल,पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण,भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र फर्स्वाण,पूर्व अध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, आदि ने गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति की कामना की।

# नगर पंचायत नानकमत्ता में 15 दुकानों की नीलामी संपन्न

नानकमत्ता(उद संवाददाता) नगर पंचायत नानकमत्ता की 17 दुकानों की नीलामी नायव तहसीलदार के नेतृत्व में संपन्न हुई, नगर पंचायत के नए भवन में नवनिर्मित 17 दुकानों की नीलामी की कार्रवाई शुरू की गई, नीलामी में सर्वाधिक बोली पप्पू गोयल ने लगाई, चेयरमैन प्रेम सिंह टूरना ने बताया कि नगर पंचायत की आय बढ़ाने के लिए 17 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिनकी नीलामी आज नायब तहसीलदार राजेंद्र सनवाल और अधिशासी अधिकारी विमला जोशी के नेतृत्व में कराई गई, खुली नीलामी मेंकई लोगों के आवेदन आए थे, जिस में सर्वाधिक बोली पप्पू गोयल ने 16नंबर दुकान पर लगाई,इसके अलावा दुकान नंबर 1 में शिवकुमार ने 555000, दुकान नंबर 2 में उमेश जोशी, दुकान नंबर 3 में भोला सिंह, दुकान नंबर 8 में लाखन रस्तोगी, दुकान नंबर 9 में नीरज गुप्ता, दुकान नंबर 7 में सुखमन सिंह,



दुकान नंबर 11 में सतपाल सिंह, दुकान नंबर 12 में तरसेम सिंह, दुकान नंबर 13 में भवानी जोशी, दुकान नंबर 14 में कृष्ण राम आर्य, दुकान नंबर 4 में कपिल, दुकान नंबर 10 में पीयूष गुप्ता, दुकान नंबर 15 में धर्म सिंह बिष्ट, दुकान नंबर 16 में दिनेश कुमार गोयल का नंबर 17 में रणवीर सिंह, दुकान नंबर 5 और 6 के आवेदन प्राप्त नहीं हुए इसलिए नीलामी नहीं हो पाई, अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने बताया कि दोबारा आवेदन निकाल कर दो दुकानों की नीलामी की जाएगी, चेयरमैन प्रेम सिंह ने दुकान लेने वाली नीलामी कर्ताओं को बधाई दी।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग में हुई 28 प्रकरणों की सुनवाई

## जनपद उधम सिंह नगर के मामले भी उठे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री मजहर नईम नवाब ने बताया कि बीती पांच जुलाई को अल्पसंख्यक आयोग के कार्यालय अल्पसंख्यक कल्याण भवन शहीद भगत सिंह कालोनी अधोईवाला देहरादून में प्रात: 11बजे से शाम 05 बजे तक 28 प्रकरणों की सुनवाई संपन्न हुई, जिसमें 10 शिकायती प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष आर0 के0 जैन, उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब, उपाध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह, सदस्य गुलाम मुस्तफा, सीमा जावेद, तस्लीम अहमद, वरीश श्री असगर अली, श्री परमजीत सिंह, सचिव जगदीश रावत व श्रीमती शमा परवीन वैयक्तिक सहायक आदि उपस्थित रहे। मजहर नईम नवाब ने बताया गया कि मौ० अकरम अब्दुल रशीद निवासी श्यामपुर, सुल्तानपुर पट्टी, तहसील– बाजपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के शिकायती प्रकरण में पुलिस विभाग की ओर से भूपेन्द्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर उपस्थित हुए। प्रकरण में मौ० अकरम के प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी के पुत्र मो० अर्श, उम्र 14 वर्ष को ना०वा० रामपुर मोड़ सुल्तानपुर पट्टी से घर आते समय चौकिंग के दौरान पुलिस द्वारा प्रार्थी के पुत्र के साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट की गयी तथा मोटरसाईकिल का भी चालान करते हुए सीज कर दिया। एस0आई0 विजय सिंह द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए प्रार्थी के पुत्र को धमकी भी दी गयी। शिकायतकर्ता के पुत्र के साथ पुलिस द्वारा मारपीट किये जाने के कारण पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाजपुर में डॉ० द्वारा उपचार कर हायर सेन्टर के लिए रेफर कर दिया, वर्तमान में भी प्रार्थी के पुत्र का ईलाज चल रहा है। इस वर्ष प्रार्थी के पुत्र की हाई स्कूल की परीक्षा है। उक्त घटना से पुत्र डरा सहमा हुआ है तथा घर से बाहर निकलने को भी मना कर रहा है। इस सम्बन्ध में भूपेन्द्र सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी, बाजपुर द्वारा अवगत कराया गया कि आवेदक के पुत्र अर्श की मोटर साईकिल का नियमानुसार मोटर वाहन अधिनियम के



अन्तर्गत चालान किया गया है तथा इस दौरान पुलिस के द्वारा पुत्र के साथ कोई मारपीट नहीं की गयी है तथा मेडिकल के सम्बन्ध में स्थानीय डॉक्टरों से पूछताछ करने पर आवेदक द्वारा पुत्र / मरीज के आंख में चोट लगना बताया गया, जिस कारण ई०एन०टी० सर्जन के लिए रैफर करना कोई गम्भीर चोट न होना बताया गया। यदि आवेदक के पुत्र के साथ पुलिस द्वारा मारपीट की गयी होती, तो रैफर के बाद अपने पुत्र का ईलाज कर मेडिकल प्रपत्र प्रस्तुत किया जाता, जोकि उनके द्वारा नहीं किया गया तथा अपने पुत्र के बयान अंकित ना करवाते हुए जांच में सहयोग भी नहीं किया गया। आयोग द्वारा पत्रावली का परिशीलन कर निर्णय लिया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में शिकायतकर्ता मौ० अकरम व पुलिस विभाग की जांच में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिसे स्पष्ट कराये जाने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, ऊधमसिंह नगर को निर्देशित किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में मौ० अकरम के पुत्र अर्श के साथ घटित घटना से संबंधित कराये गये मेडिकल / इलाज की सप्लीमेंट्री रिपोर्ट / अनुपूरक आख्या 15 दिन के अन्दर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। एक अन्य प्रकरण साहिब खान पुत्र श्री सुराज खान, निवासी ग्राम पण्डरी, तहसील सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर के शिकायती प्रकरण पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की ओर से प्रतिनिधि के रूप में नन्दन खतवाल, व प्रशावअधिकारी उपस्थित हुए। कुल सचिव, गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर अनुपस्थित रहे तथा उनके स्तर से अनुपस्थिति की कोई सूचना / पत्राचार भी नहीं किया गया। प्रकरण में प्रतिनिधि श्री नंदन खतवाल, व प्रश० अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रार्थी श्री साहिब खान की उत्तर–पुस्तिकाओं व बैक पेपर की उत्तर पुस्तिकाओं का पुन: परीक्षण किया गया तथा साहिब खान की उत्तर–पुस्तिकाओं में अंक अति न्यून है व उत्तीर्ण अंक से भी अति न्यून है, यदि साहिब खान को बैक उत्तर–पुस्तिकाओं में एक या दो अंक दे भी दिये जाते है, तब भी साहिब खान अनुत्तीर्ण ही रहेंगे। आयोग द्वारा पत्रावली का परिशीलन कर निर्णय लिया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में प्रतिनिधि नंदन खतवाल, व प्रशा० अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के उक्त कथनानुसार साहिब खान की बैक उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्याकन से अंक अतिन्यून होने के कारण साहिब खान को उत्तीर्ण किया जाना सम्भव नहीं है। प्रकरण में कुल सचिव, गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल अनुपस्थित रहे, जिसके दृष्टिगत स्पष्टीकरण सहित 3 दिन के अन्दर आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश पारित किया गया। एक अन्य प्रकरण सुरेन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह नामधारी, निवासी–ताली फार्म, तहसील – बाजपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के प्रकरण में पुलिस विभाग की ओर से भूपेन्द्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी, बाजपुर उपस्थित हुए। प्रकरण में भूपेन्द्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर द्वारा आयोग की पूर्व सुनवाई 21.04. 2022 को पारित आदेश के अनुपालन में सुरेन्द्र सिंह के पिता सुखदेव सिंह नामधारी के विरूद्ध पंजीकृत 19 मुकदमों के सम्बन्ध में वर्तमान मुकदमों की अद्यतन स्थिति की सूची आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गयी। आयोग द्वारा पत्रावली का परिशीलन कर निर्णय लिया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में पुलिस क्षेत्राधिकारी, बाजपुर द्वारा उपलब्ध करायी गयी मुकदमों की अद्यतन स्थिति की सूची की एक प्रति शिकायतकर्ता सुरेन्द्र सिंह को इस आशय से प्रेषित की जाये कि सूची के सम्बन्ध मे अपना प्रतित्युत्तर आयोग को उपलब्ध कराये। तद्नुसार प्रकरण आयोग के स्तर से निक्षेपित किया जायेगा। कु० सना परवीन पुत्री मो० रईस अहमद, निवासी– नियाजगंज, अल्मोड़ा के शिकायती प्रकरण पर सुनवाई के दौरान कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में नंदन खतवाल, वव प्रशासनिक अधिकारी तथा उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में डॉ० दीपक कुमार पाण्डेय, सहा० निदेशक उपस्थित हुए। विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा उपस्थित नहीं हुए तथा न ही उनके द्वारा कोई पत्राचार / सूचना आयोग को प्रेषित की गई है, जिस पर आयोग द्वारा खेद व्यक्त करते हुए 3 दिन के अंदर स्पष्टीकरण सहित आयोग के कार्यालय, देहरादून में उपस्थित होने का निर्देश पारित किया गया, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम की धारा–15 के अन्तर्गत निहित प्राविधान के अनुसार कार्यवाही प्रचलित की जायेगी। प्रार्थीनी कु० सना के भविष्य को देखते हुए कुल सचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल को निर्देशित किया गया कि विशेष परिस्थितियों में कुछ सना की बी०ए० में आयी बैक पेपर से संबंधित परीक्षा कराते हुए सफलता कर समस्या का समाधान एक माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कराते हुए मा० आयोग को अवगत कराना सुनिश्चित करें। सुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों को 5 दिन के अंदर स्पष्टीकरण सहित आयोग के कार्यालय अल्पसंख्यक कल्याण भवन, शहीद भगत सिंह कालोनी, अधोईवाला, देहरादून में उपस्थित होने का निर्देश पारित किया गया।

## अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चोरगलिया थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष चोरगलिया के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी



दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लेकर घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने वापस लौटने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कश्मीर सिंह पुत्र हरदयाल सिंह निवासी ग्राम गुर नानकपुरी गोंठा थाना सितारगंज बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 16 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर कश्मीर सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के साथ कांस्टेबल रूप बसंत राणा व विरेंद्र राणा मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री भट्ट ने ली जलभराव की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवादाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी उदय राज सिंह से दूरभाष पर वार्ता करते हुए जिले में जलभराव बरसात से उत्पन्न स्थितियों से त्वरित रूप से निपटने के निर्देश दिए। श्री भट्ट ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से दूरभाष पर वार्ता कर बरसात से जलभराव की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि उधम सिंह नगर के सभी क्षेत्रों में भारी बरसात के कारण जलभराव सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण में तेजी लाई जाए। इसके अलावा किसी भी विषम स्थिति से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन तंत्र और प्रशासनिक टीम को सतर्क रखे जाने को कहा। श्री भट्ट ने कहा कि पिछले 24 घंटों में लगातार बरसात हो रही है और अगले कुछ दिन तक इसी प्रकार का मौसम रहने का पूर्वानुमान है। लिहाजा किसी भी परिस्थिति से निपटने और त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को तैयार रहने को कहा गया है।

## मैकडॉनल्ड्स बर्गर से गायब हुआ टमाटर!

देहरादून। देश में टमाटर के दाम बढ़ने से बड़े–बड़े रेस्त्रां में भी असर दिख रहा है। देश के कई हिस्सों में टमाटर की कीमतें 150 रूपये से 200 रूपये तक पहुंच गई हैं। वहीं अब बर्गर आउटलेट मैकडॉनल्ड्स ने बड़ा एलान कर सभी को कुछ दिनों तक बर्गर में टमाटर नहीं मिलने की जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मैकडॉनल्ड्स ने जानकारी दी है कि मौसम में बदलाव के कारण और हमारी तमाम कोशिशों के बावजूद हमें अच्छी क्वालिटी वाले टमाटर नहीं मिल पा रहे हैं। इसीलिए हमारे कुछ आउटलेट्स पर खाने में टमाटर नहीं मिल रहा है। यह स्थिति स्थायी



नहीं है। अपनी ऊंची कीमत के कारण मैकडॉनल्ड्स इंडिया (उत्तर और पूर्व) के कुछ रेस्तरां में टमाटर मेनू से गायब हो गया है। कंपनी का कहना है कि मौसम में बदलाव के कारण क्वालिटी वाले टमाटर मार्केट में नहीं मिल पा रहे हैं। इसलिए टमाटर का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। बता दें कि बेमौसम आई मानसून की बारिश ने टमाटर की फसल को खराब कर दिया है। कई जगहों पर फसल बर्बाद हो गई। जिस कारण देश के कई हिस्सों में तेज बारिश के कारण टमाटर की सप्लाई भी काफी कम हो गई है। इन सभी कारणों से टमाटर की कीमत आसमान छू रही है। हालांकि सरकार का कहना है कि यह बढ़ोतरी अस्थायी है।

## पुत्र पर जानलेवा हमले का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार स्थित फ्रेंड्स कलैक्शन शॉप के स्वामी ने अज्ञात के विरूद्ध अपने पुत्र पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शॉप स्वामी पंकज ग्रोवर ने रपट में कहा है कि उसके पुत्र रौनक ग्रोवर पर दुकान के आगे अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिस पर रौनक जान बचाने के लिए दुकान के अन्दर भाग आया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नगर निगम ने वाटर पंप से हटाया सड़क पर भरा पानी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। डीडी चौक के पास सड़क पर जलभराव से हो रही दिक्कतों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शनिवार को वाटर पंप की मदद से सड़क से पानी हटाया। बता दें डीडी चौक पर के पास निकासी की व्यवस्था दुरूस्त नहीं होने के चलते जरा सी बारिश के बाद डीडी चौक के एक




साइड में जलभराव हो जाता है। दो दिनों तक लगातार हुई बारिश से यहां पर भारी मात्रा में पानी जमा हो गया था। जिसके चलते आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिलहाल नाली से निकासी नहीं हो पाने के कारण नगर निगम प्रशासन ने शनिवार को मौके पर वाटर पंप लगाकर पानी की निकासी करायी। जिसके बाद आवागमन में लोगों को राहत मिली है।

## घर के आगे खड़ी बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने घर के आगे खड़ी बाईक चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ग्राम दानपुर निवासी सागर कुमार पुत्र गजराज ने कहा है कि गत 8 जून को उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीएफ 0616 को देर सायं अपने घर के आगे खड़ा किया था। कुछ देर बाद वह बाहर निकला तो उसकी बाईक नदारद थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाईक का कोई पता नही चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कमलदीप सिंह घटौरा (KAMALDEEP SINGH GHATAURA) से बदलकर कमलदीप सिंह (KAMALDEEP SINGH) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे कमलदीप सिंह (KAMALDEEP SINGH) पुत्र श्री दलजीत सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

**वर्तमान पता**–म.नं.–1,आहूजा कॉलोनी, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रवीन कौर (PRAVEEN KAUR GHATAURA) से बदलकर प्रवीन कौर (PRAVEEN KAUR) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे प्रवीन कौर (PRAVEEN KAUR) पुत्री श्री दलजीत सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

**वर्तमान पता**–म.नं.–1, आहूजा कॉलोनी, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

### नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 07 में क्रमांक 150 पर श्रीमती विमला रानी पत्नी बंजारा राम का नाम अंकित है। जिसको इकरारनामा बिक्री के आधार पर श्रीमती आशा खेड़ा पत्नी स्व0 संजय खेड़ा एंव मुस्कान खेड़ा पुत्री स्व0 संजय खेड़ा निवासी वार्ड नं0 09 पंजाबी कालौनी गदरपुर ने क्रय किया है। जिसकी पत्रावली नगर पालिका परिषद गदरपुर में प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखो में श्रीमती आशा खेड़ा पत्नी स्व0 संजय खेड़ा एंव मुस्कान खेड़ा पुत्री स्व0 संजय खेड़ा निवासी वार्ड नं0 09 पंजाबी कालौनी गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद– मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद गदरपुर**

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कठोर कानून पर मुहर,दस वर्ष तक की जेल

## उत्तराखंड में सरकारी, सार्वजनिक और निजी परिसंपत्तियों पर अनधिकृत कब्जा गैर जमानती और संज्ञेय अपराध होगा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सरकारी, सार्वजनिक और निजी परिसंपत्तियों पर अनधिकृत कब्जा अथवा अतिक्रमण गैर जमानती और संज्ञेय अपराध माना जाएगा। अतिक्रमणकारी अथवा अवैध कब्जाधारक को दंड के रूप में अधिकतम 10 वर्ष के कारावास की सजा दी जा सकेगी। कब्जा की गई भूमि का बाजार मूल्य वसूल किया जाएगा। अतिक्रमण के मामलों की सुनवाई को स्पेशल कोर्ट का गठन होगा। इस संबंध में पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को उत्तराखंड, भूमि पर अतिक्रमण (निषेध) अध्यादेश, 2023 को स्वीकृति दी। जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति अतिक्रमण को चिह्नित करेगी। पुष्कर सिंह धामी सरकार प्रदेश में सरकारी और सार्वजनिक भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपना रही है। इस कड़ी में राज्य मंत्रिमंडल ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कानून पर मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। मंत्रिमंडल ने 33 बिंदुओं पर निर्णय लिए। मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में राजकीय, सार्वजनिक एवं निजी परिसंपत्तियों पर अतिक्रमण की घटनाएं समय-समय पर संज्ञान में आ रही हैं। इस पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ ही भूमि के प्रबंधन और संरक्षण को सशक्त बनाने के लिए उत्तराखंड, भूमि पर अतिक्रमण (निषेध



) अध्यादेश पर मंत्रिमंडल ने मुहर लगा दी।अध्यादेश में अतिक्रमण को सख्ती रोकने के लिए कानूनी प्रविधान किए गए हैं। हर जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति अतिक्रमण को चिह्नित कर ऐसे मामलों में कार्रवाई की संस्तुति भी करेगी। स्पेशल कोर्ट का गठन कर अतिक्रमण के मामलों की सुनवाई होगी। कोर्ट के लिए पीठासीन अधिकारी नामित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण को गैर जमानती संज्ञेय अपराध घोषित किया गया है।अतिक्रमण को दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को सात वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक कारावास की सजा मिलेगी। यही नहीं भूमि पर अवैध कब्जा करने के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए भी सजा का प्रविधान किया गया है। इस संबंध में अलग से नियमावली भी बनाई जाएगी। यह अध्यादेश अतिक्रमण के नए और पुराने, दोनों मामलों में प्रभावी होगा। कैबिनेट के प्रमुख निर्णय लिये है जिसमें प्रदेश में जन सेवाओं से जुड़े समस्त विभागों में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से पांच प्रतिशत बढ़ जाएंगे यूजर चार्जेज। महिला कार्मिकों को रात्रि पाली में सायं सात बजे से सुबह छह बजे तक कार्य करने की छूट, रात्रि पाली में परिवहन में सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य। सरकारी विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के 2364 पदों को आउटसोर्सिंग से भरने को स्वीकृति। अंत्योदय राशनकार्डधारकों को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी मिलेंगे निश्शुल्क तीन रसोई गैस सिलिंडर। आढ़त बाजार-गांधी रोड सड़क चौड़ीकरण (सहारनपुर चौक से तहसील चौक तक) से प्रभावित कारोबारियों व दुकानदारों के विस्थापन की योजना स्वीकृत। 16 से 18 मीटर सड़क को 24 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। उत्तराखंड क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) रूल्स में होगा संशोधन। 50 बिस्तर के उपचार केंद्रों से नहीं लिया जाएगा पंजीकरण शुल्क। 51 से अधिक बिस्तर वाले केंद्रों के पंजीकरण शुल्क में 90 प्रतिशत की कमी को मंजूरी। प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य स्थापनों एवं नशा मुक्ति केंद्रों के अनंतिम पंजीकरण को 2000 रुपये और अंतिम पंजीकरण को 20 हजार रुपये शुल्क समेत न्यूनतम मानकों का निधारण। मुख्यमंत्री प्राकृतिक कृषि योजना का होगा संचालन, 6400 हेक्टेयर क्षेत्रफल प्राकृतिक कृषि से आच्छादित होगा।

# उत्तराखण्ड के प्रथम हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र का शुभारंभ

देहरादून(उदसंवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित उत्तराखण्ड के प्रथम हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र व 4 दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव निनाद का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र में स्थापित वृहद संग्रहालय, प्रेक्षागृह, बाह्य व आन्तरिक कलादीर्घा पुस्तकालय एवं नाट्यशाला का अवलोकन किया व साथ ही उन्होंने फिल्म जगत से जुड़े प्रदेश के फिल्मकारों, छायाकारों एवं गायकों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र एक ओर जहां प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक सजीव चित्र हम सबके समक्ष रखेगा, वहीं दूसरी ओर यह हमारी सरकार की संस्कृति के संरक्षण- संबर्द्धन एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता



को भी परिलक्षित करेगा। उन्होंने कहा कि इस सांस्कृतिक केन्द्र में स्थापित वृहद संग्रहालय में अनेक कलाकृतियां, मूर्तिकला आदि संग्रहित हैं, इसके साथ ही हमारी पारम्परिक एवं समकालीन कला को भी इस संग्रहालय में प्रदर्शित करने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एक भारतीय दुनिया में कहीं भी रहे, कितनी ही पीढ़ियों तक रहे, उसकी भारतीयता व उसकी भारत के प्रति निष्ठा, कभी कम नहीं होती। इसका कारण हमारी विशिष्ट सांस्कृतिक चेतना है जिसमें भारत उसके दिल में हमेशा जीवंत रहता है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के रूप में हमें एक ऐसा नेतृत्व मिला जिसने भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का बीड़ा उठाया और उस पर ठोस कार्य भी प्रारंभ किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, विधायक श्री खजान दास, सचिव संस्कृति श्री हरिचन्द्र सेमवाल, पद्मश्री बसंती बिष्ट, लोक संस्कृति से जुड़े साहित्यकार, गीतकारों सहित विभिन्न प्रदेशों से आए लोक कलाकार एवं रंगकर्मी मौजूद थे।

# लेफ्टिनेंट बनने पर काजल बेहड़ को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट पद के लिए चयनित होने पर काजल बेहड़ को केंद्रीय मंत्री ने उनके आवास बड़ाखेड़ा पर पहुंचकर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र की बेटियों अजय भट्ट भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम बराखेड़ा पहुंचे। उन्होंने थल सेना में लेफ्टिनेंट पद के लिए चयनित काजल बेहड को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट लेने की बात कही। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने काजल के घर पहुंच कर उसके माता-पिता और उसको बधाई दी। इस मौके पर पूर्व डीबीसी अध्यक्ष सुभाष बेहड, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,मंडी समिति



को उससे प्रेरणा लेने की सलाह दी। पूर्व डीवीसी अध्यक्ष सुभाष बेहड की भतीजी एवं सुरेंद्र बेहड की बेटी काजल बेहड़ का भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट पद के लिये चयन होने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि काजल ने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा आज बेटे और बेटी में कोई फर्क नहीं रह गया। बेटियां अपने दम पर चांद पर पहुंच रही है। उन्होंने क्षेत्र की बेटियों को काजल बेहड़ से प्रेरणा अध्यक्ष सुभाष गुंबर, राजेश गुंबर,रविंद्र बजाज,नरेश हुड़िया, पंकज सेतिया, अनिल जेटली, राकेश भुड्डी,संतोष गुप्ता, परमजीत सिंह, हरलोक सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# अनाज मंडी में अलमारी का ताला तोड़ नगदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों अनाज मंडी स्थित बारदाना व्यापारी की दुकान में अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपये की नगदी चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति का गिरफ्तार कर उसके पास से 90200 रुपये की नगदी भी बरामद की है। ज्ञात हो कि 29 जून 2023 की शाम लगभग 7बजे अनाज मण्डी मे व्यापारी की दुकान के गल्ले से 1 लाख रूपये चोरी की सूचना पर थानाध्यक्ष द्वारा मय टीम के तत्काल मौके पर पहुंचकर लोगो से पूछताछ कर,सीसीटीवी का अवलोकन किया गया तो चोर की पहचान राहुल विश्वास पुत्र अजीत विश्वास निवासी वार्ड नं0 03 चन्दनगढ़ थाना दिनेशपुर उ0सि0नगर के रूप मे हुई । थानाध्यक्ष मय टीम के तत्काल संदिग्ध चोर के घर मे दबिश देने चले गये, इधर वादी अनुज जैन पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी करतारपुर रोड वार्ड न0 01,थाना गदरपुर जिला उधम सिह नगर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक पूरण सिह तोमर को सौंपी गयी । क्षेत्र मे चोरी की घटना के दृष्टिगत मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के



आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण मे टीम गठित की गयी । उक्त टीम द्वारा थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे तत्काल संदिग्ध के घर पर दबिश दी तो पता चला कि उक्त राहुल विश्वास ने थाना दिनेंशपुर क्षेत्र मे भी चोरी की थी, जिसे थाना दिनेशपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है । थाना दिनेशपुर पुलिस से संपर्क करने पर तथा विवेचक पूरण सिह तौमर द्वारा अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा गदरपुर, अनाज मण्डी से चोरी की घटना को स्वीकार किया गया , किन्तु उक्त दिनांक को अभियुक्त को थाना दिनेशपुर पुलिस द्वारा न्यायालय मे पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया गया।

# टमाटर और सब्जियों की कमरतोड़ महंगाई से महिला कांग्रेस आक्रोशित

## लगातार मूल्य वृद्धि को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देश में लगातार बढ़ रही महंगाई विशेषकर सब्जियों और अनाज/ राशन में बेतहाशा मूल्य वृद्धि को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतर आई है। देश में कमरतोड़ महंगाई से आक्रोशित दर्जनों महिलाएं गंगापुर रोड संजय नगर खेड़ा स्थित सब्जी मंडी में एकत्र हुई ।जहां उन्होंने सब्जियों में लगातार मूल्य वृद्धि को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मोदी सरकार से नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देने का आग्रह किया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान और जुझारू अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं । श्रीमती शर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई से भाजपा को







कोई लेना देना नहीं है , टमाटर 200 किलो और अदरक 400 प्रति किलो के साथ-साथ अन्य सब्जियों के दाम भी आसमान को छू रहे हैं लेकिन देश के घमंडी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इससे कोई सरोकार नहीं है स श्रीमती शर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस बढ़ती मंहगाई पर चुप नही बैठेगी बल्कि पूरे प्रदेश में भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करेगी , और जनता के हित में काम करेगी स उन्होंने कहा की जब जब भाजपा की सरकार आती है कमरतोड़ महंगाई लाती है स उन्होंने कहा की आखिर इस बढ़ती महंगाई से राहत कब मिलेगी स महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ने कहा कि आज महंगाई से सबसे ज्यादा महिलाएं त्रस्त और आहत हो रही है स सब्जियों और राशन में बेतहाशा मूल्य वृद्धि से रसोई का पूरा बजट ही बिगड़ गया है ,लेकिन भाजपा सरकार कान में तेल डाल कर और आंखे मूंद कर बैठी है ,उसे जनता की आवाज सुनाई ही नहीं दे रही है स इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख महिलाओं में महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सपना गिल,पार्षद प्रीति साना, पार्षद सायरा बानो, पूनम गुप्ता मंजू जैन,मधु सिकदर ,गंगा देवी , सीमा देवी, सुमित्रा तिवारी,कुमकुम सक्सेना, पुष्पा, शीला, ममता शर्मा, पूर्व सभासद शांति मालिक, शोभा सैनी, सोनू शर्मा, किरण, पूर्णिमा मलिक, साधना बसु ,मीना ढाली, देवकी देवी, मेसर जहां, सावित्री, सरोज, ममता, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों में कोचिंग सेंटर संचालित होंगे

देहरादून(उद संवाददाता)। संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी हेतु उत्तराखण्ड के तीन विश्वविद्यालयों में कोचिंग सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। इन कोचिंग सेंटरों में छात्रों से सिविल सेवा की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जाएगी जिसमें लड़कियों और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को वरीयता दी जाएगी। कोचिंग सेंटर दून विश्वविद्यालय देहरादून, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर और श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के ऋषिकेश कैंपस में संचालित होंगे। यह कोचिंग सेंटर माह अक्टूबर से संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं। कोचिंग सेंटर प्रारंभ किए जाने के संबंध में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और अन्य अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक की। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड से संघ लोक सेवा आयोग में बहुत कम संख्या में बच्चे उत्तीर्ण रहे हैं। उत्तराखण्ड अपने आप में शिक्षा और अध्ययन का केंद्र रहा है हमें 15-20 बच्चों के सिविल सेवा में निकलने से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। उत्तराखण्ड से सिविल सेवाओं में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हों, इसके लिए उन्हें उचित मार्गदर्शन और तैयारी कराया जाना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहां बेहद प्रतिभावान छात्र-छात्राएं है लेकिन वे संसाधनों और अन्य कारणों से इन परीक्षाओं में प्रतिभाग नहीं कर पाते हैं। इसको देखते हुए ऐसे प्रतिभावान और सिविल सेवाओं में रूचि रखने वाले बच्चों के लिए तीन विश्वविद्यालयों में कोचिंग सेंटर खोलने का निर्णय लिया गया है। इन सेंटरों में बच्चों के लिए बेहद रियायती शुल्क में उन्हें तैयारी कराई जाएगी। सेंटरों में विषय विशेषज्ञ अध्यापक छात्रों की कक्षाएं लेंगे। इसके साथ-साथ सेंटरों में छात्रों को तैयारी हेतु देश में अग्रणी श्रेणी के संस्थानों के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। राज्यपाल ने तीनों कुलपतियों को इन सेंटरों के प्रारंभ एवं संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माह अक्टूबर से कोचिंग सेंटर प्रारंभ किया जाना है इसके लिए जो भी कार्यवाही की जानी है उन्हें यथासमय पूर्ण कर लें। कोचिंग सेंटर में प्रवेश हेतु परीक्षा, शुल्क इत्यादि का निर्धारण, विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने को कहा। इस बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति दून विश्वविद्यालय, प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डॉ. मनमोहन चौहान, कुलपति श्री देव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एन. के. जोशी एवं विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल बी. पी. नौटियाल उपस्थित रहे।



KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ !
वीर
कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

## लालकुंआ में जन स्वास्थ्य वाटिका का लोकार्पण

लालकुआं (उद संवाददाता)। वन विभाग के अनुसंधान शाखा द्वारा अपने वन अनुसंधान के लालकुंआ में स्थापित जन स्वास्थ्य वाटिका का लोकार्पण प्रदेश के वन विभाग के प्रमुख- वन संरक्षक (हॉफ) अनूप मालिक द्वारा किया गया। वन अनुसंधान के लालकुंआ में स्थापित साढ़े तीन हैक्टेयर में यह बाटिका बनायी गयी है। जिसमें लगभग 270 प्रजातियों के पौधे रोपित किये गये हैं। सभी प्रजातियां औषधि महत्व की है। जिसमें मुख्य रूप से ब्राहमी, मुलेबी, बच, शंखपुष्पी, कंटकारी, फालसा, गोवाब, कासनी, नागकेसर, पीलावासा, निर्गुण्डी, सिन्दुरी, हरड, बहेज, आवला, बेलपत्ती, रीठा, जमालघोटा, आर्किड, शहतूत आदि लगाये गये है। लोकार्पण में प्रमुख वन संरक्षक के अलावा डा.विवेक पाण्डे अपर प्रमुख वन संरक्षक, संजीव चतुर्वेदी मुख्य वन संरक्षक, कुन्दन कुमार उप वन संरक्षक वन वर्धनिक, मदन सिंह बिट वन क्षेत्राधिकारी एवं उनका स्टाफ मौजूद रहा।



श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

## श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज, प्रीत विहार, रूद्रपुर के सभागार में बी0एच0ई0एल0 के सौर ऊर्जा विभाग में डिप्टी इंजीनियर के पद पर कार्यरत श्री धीरेन्द्र सिंह के द्वारा गेस्ट लेक्चर प्रस्तुत किया गया । उन्होंने अपने लेक्चर में सुखद जीवन यापन के संबंध में जानकारी प्रदान की । इनके सहयोगी श्री अनुज कुमार (प्रबंधकद्ध, श्री सुमित कुमार गुप्ता (उप प्रबंधकद्ध, श्री अमित कुमार षर्मा (सहायक अभियन्ताद्ध, एवं श्री मंजीत कुमार (सहायक अभियन्ताद्ध द्वारा भी अपने-2 व्याख्यान प्रस्तुत किये । कार्यक्रम का षुभारम्भ संस्थान की प्राचार्या डॉ0 भावना कपूर के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ0 नाजिया बानो के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष बी0एड0 डॉ0 नीरज कुमार जायसवाल द्वारा किया गया । इस गेस्ट लेक्चर के कार्यक्रम में श्री संदीप त्रिपाठी, डॉ0 रजनी छिम्वाल, श्रीमती प्रिया गुप्ता, श्रीमती असमीत कौर सेठी, डॉ0 नवनीत कौर, डॉ0 परविन्दर कौर, सुश्री आंचल जुनेजा, डॉ0 अखिलेष सिंह, श्री गौरव मिश्रा, श्री संजय कुमार, श्री रवि कुमार, श्रीमती एकता, श्री अखिलेष खरे, स0 परमजीत सिंह, श्री अखिलेष कुमार, श्री राधेष्याम, श्री दुर्गेष, श्रीमती कल्पना, श्री राजकुमार, श्री परमानन्द एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे ।




गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0%
BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
● तिकोनिया ● चर्च कम्पाउंड ● पिली कोठी
मो- 9837077682 मो- 9690256666 मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड
मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
● चीमा चौराहा ● रामनगर रोड
मो-7455045084 मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दूतावासों और राजनयिकों की सुरक्षा

वियना संधि के मुताबिक कूटनीतिक संबंधों के मामले में कई ऐसे नियम हैं, जिनके तहत दूतावासों की इमारतों और उनमें काम करने वाले लोगों को मेजबान देशों की ओर से सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। खासतौर पर हाल के दिनों में कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका में स्थित दूतावासों के सामने जैसे जोखिम खड़े हुए हैं, उसके मद्देनजर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक ही है। यही वजह है कि भारत ने इन देशों में खालिस्तानी तत्त्वों की गतिविधियों और हिंसा फैलाने की घटनाओं को अस्वीकार्य करार दिया है।गुरुवार को भारत की ओर से साफ शब्दों में कहा गया कि दूसरे देशों में अपने राजनयिकों और मिशन की सुरक्षा करना सरकार की सर्वोच्च्व प्राथमिकता है और संबंधित देशों से वियना संधि के मुताबिक दूतावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की उम्मीद की जाती है। हालांकि भारत को यह चिंता जताने की जरूरत पड़ी, यही अपने आप में उन देशों के लिए विचार का मसला होना चाहिए कि नियमों के अनुरूप हर स्तर पर सुरक्षा का भरोसा दिलाने के बावजूद वहां भारतीय दूतावासों के सामने जोखिम के हालात कैसे पैदा हुए।गौरतलब है कि वियना संधि के मुताबिक कूटनीतिक संबंधों के मामले में कई ऐसे नियम हैं, जिनके तहत दूतावासों की इमारतों और उनमें काम करने वाले लोगों को मेजबान देशों की ओर से सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। इससे जुड़े नियमों की बाध्यता यहां तक है कि अगर दो देशों के बीच किसी मसले पर बेहद तनाव की स्थिति भी हो, तब भी कोई देश संबंधित देश के उच्चायोग या वहां नियुक्त राजनयिकों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा का बंदोबस्त करता है। हैरानी की बात यह है कि जिस दौर में भारत और अमेरिका के संबंधों में नए आयाम देखे जा रहे हैं, उसके बीच भी कुछ दिन पहले अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने आगजनी की। साफ है कि बिना सुरक्षा में चूक के दूतावास जैसी सुरक्षित इमारत में दाखिल होकर आग लगाने में किसी को कामयाबी नहीं मिल सकती। यह तब है जब अमेरिका में आतंकवादी हमलों की आशंका से लेकर अन्य कई संवेदनशील मामलों के मद्देनजर बरती जाने वाली उच्च स्तरीय चौकसी के तहत दुनिया में सबसे सख्त सुरक्षा व्यवस्था का दावा किया जाता है। दरअसल, कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जैसे कुछ देशों में भी खालिस्तान के समर्थकों के ताजा उभार ने भारत के लिए चिंता पैदा की है। इन देशों में कभी भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले पोस्टर लगा दिए जाते हैं तो कभी सीधे हिंसा करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में दूतावासों में राजनयिकों और कर्मचारियों के सामने कई तरह के खतरे पैदा हो रहे हैं। यही वजह है कि भारत ने नई दिल्ली में कनाडा के राजदूत को तलब भी किया और कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्त्वों की बढ़ती गतिविधियों पर आपत्ति जताने वाला पत्र भी जारी किया गया। सवाल है कि अगर दूतावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित देश की है, तो उसमें कहां और क्यों चूक हो रही है कि भारत को इसके लिए अलग से चिंता जताने की जरूरत पड़ रही है। हालांकि भारत के ताजा रुख के बाद कनाडा और ब्रिटेन की ओर से चरमपंथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इस तरह की अवांछित गतिविधियां खालिस्तान समर्थकों की ओर से भारत विरोधी दुष्प्रचार का भी नतीजा हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि जिन देशों में खालिस्तान समर्थकों की अवांछित गतिविधियां चल रही हैं, वहां अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी को भारत के खिलाफ दुषप्रचार करने या हिंसा भड़काने की छूट न मिले।

# ई चौपाल में सीडीओ ने सुनी ग्राम मुरलीवाला की समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने शुक्रवार को जिला कार्यालय से ई–चौपाल के माध्यम से तहसील जसपुर के ग्राम मुरलीवाला की समस्याएं सुनी। गांव वासियों ने मुख्य विकास अधिकारी से सीधे संवाद किया। ई–चौपाल में कुल 13 समस्याएं दर्ज हुई जिसमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया । ई–चौपाल में सर्वाधिक समस्याएं जल भराव, सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, नाला निर्माण, पानी, राशन कार्ड आदि से सम्बन्धित थीं। ई–चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी के सम्मुख रास्ते में जल भराव हो जाता है, पानी निकासी हेतु नाला निर्माण करने की मांग रखी जिसपर खण्ड विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है नाले का शीघ्र निर्माण किया जायेगा। रणजीत सिंह व डालचन्द ने सड़क निर्माण करने की मांग रखी जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर शीघ्र सामाधान करें। डालचन्द ने राशन कार्ड बनाने की मांग रखी जिसपर सीडीओ ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि जांच कर पात्रता के आधार पर राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। रणधीर सिंह ने श्यमशान घाट सौन्दर्यकरण की मांग रखी जिसपर मुख्य




विकास अधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि जांच कर आवश्यकतानुसार कार्ययोजना तैयार करें। जितेन्द्र कुमार ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की मांग रखी जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि परीक्षण कर शीघ्र प्रमाण पत्र बनाये। जसवीर सिंह ने आवारा पशुओं से फसल को बचाने की मांग रखी जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजे। जसवीर सिंह ने पानी की टंकी का निर्माण गुणवत्तायुक्त नही किया जा रहा है जिसपर सीडीओ ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये कि मौके पर जाकर गुणवत्ता की जांच कर समय से गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य को पूर्ण करें। कर्णपाल सिंह, यशपाल आदि ने नहर पर पुलिया निर्माण की मांग रखी जिसपर खण्ड विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत कि कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है बजट की उपलब्धता के आधार पर शीघ्र पुलिया निर्माण कराया जायेगा। हरपाल सिंह ने नाला निर्माण की मांग रखी जिसपर सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि निरीक्षण कर शीघ्र सामाधान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी समस्या ई–समाधान चौपाल में आयी है उसे प्राथमिकता के अधार पर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें, जिससे की किसी को भी छोटी–छोटी समस्याओं के लिये अनावश्यक ईधर–उधर चक्कर न लगाना पड़े। उन्होने कहा कि ई–चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के साथ–साथ प्रशासन का भी समय और पैसा दोनों की हो रही बचत। ई–चौपाल में प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।

# डीएम ने की नलकूप खण्ड रामनगर व हल्द्वानी के निर्माण कार्यों की समीक्षा

हल्द्वानी। जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में नलकूप खण्ड रामनगर व हल्द्वानी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में विभाग के कार्यों की विस्तार से जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने समस्त निर्माण दाई संस्थाओं को निर्देशित किया है कि योजनाओं को समयबद्धता के साथ ही पारदर्शिता व गुणवत्तायुक्त पूर्ण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के सम्बन्ध में दो दिन के भीतर अधिशासी अभियंता को अपने स्तर से शिकायतकर्ता से वार्ता कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये। कहा कि शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान गुणवत्तापरक होना चाहिए। नलकूप, लिफ्टिंग व अन्य विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में विद्युत विभाग के कारण लंबित कार्यों में तेजी हेतु समन्वय बनाने के साथ ही कार्यों की सूची बनाकर संख्याधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में कार्यपूर्ण होने की अवधि/तिथि पूर्ण हो चुकी है ऐसे में



सम्बन्धित ठेकेदार व अभियंताओं के साथ एक सप्ताह के भीतर बैठक कर इस माह तक कार्य पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाई जाए।नलकूप खण्ड रामनगर के अंतर्गत 10 सीएम घोषणा प्रस्तावित की गई है जिसमें से 06 घोषणाओं के अंतर्गत 12 नलकूप लगाए जाने है। अवशेष 04 घोषणाओं में से 02 योजनाओं की डीपीआर तैयार कर प्रेषित की जा चुकी है व 01 अधीक्षण अभियन्ता व 01 अधिशासी अभियंता स्तर पर लंबित है । जिलाधिकारी ने 15 दिन के भीतर डीपीआर फाइनल कर अग्रसारित करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता रामनगर सत्ये सिंह ने बताया कि 12 नलकूपों के लिए 11करोड़ 77 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है जिसके सापेक्ष 10 करोड़ 46 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई थी व 08 करोड़ 28 लाख व्यय किये जा चुके है। 12 नलकूपों में 03 नलकूपों बसई, देवीपुरा व चन्द्रनगर में कार्य पूर्ण हो चुका है । तीनों नलकूप चालू अवस्था में है व सिंचाई की जा रही है। शेष नलकूपों मालधनचौड़, सोनजाला, रूपपुर, लक्ष्मीपुर बनिया, मनोरथपुर बासीटीला, बगुवाबंगर द्वितीय, जस्सगंजा, लूटा बढ़ व बेलपोखरा योजनाओ पर 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है जल्द ही अवशेष कार्य भी पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ एम एस नेगी, ईई नलकूप हल्द्वानी अंचित रमन उपस्थित थे।

# सहायक अभियंताओं के साथ अभद्रता से नाराज इंजीनियरों ने किया कार्यबहिष्कार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विकास कार्यो को कराने के दौरान लोनिवि के सहायक अभियंताओं के साथ हुई अभद्रता के विरोध में लोनिवि मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कर्मचारियों ने के खिलाफ कार्रवाई कर भविष्य में किसी भी अभियंता से अनैतिक रूप से बत्तमीजी, गालीगलौच और अभद्रता करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।मिनिस्ट्रीयल कर्मी लोनिवि कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां



संगठन के माध्यम से एकजुटता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।साथ ही विरोध में एक दिवसीय धरना दिया। यहां हुई सभा में संगठन के पदाधिकारियों ने आरोपियों जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में कर्मियों ने कहा कि निर्माण खंड लोनिवि लोहाघाट में कार्यरत शिवकर चौरसिया व लोनिवि देहरादून में तैनात सहायक अभियंता अमित वर्मा के साथ कार्यालय स्थल में विभागीय कार्य करने के दौरान कुछ लोगों द्वारा अभद्रता की गई।जबकि अभद्रता करने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नही होने और दबंगई दिखाने वाले लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नही होने से अभियन्ताओ ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने दोनों घटनाओं में लिप्त दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है। वही भविष्य में किसी भी इंजीनियरिंग से जुड़े कर्मियों के साथ अभद्रता होने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।इस दौरान लोनिवि मिनिस्ट्रीएल एसोसिएशन अध्यक्ष,इंजीनियर गोविन्द सिंह मेहरा,बीसी जोशी,कैलाश आर्या, संतोष कुमार,हरीश कनवाल,अनिल जोशी, चंचल कोरंगा,जय दत्त पांडे, राजेन्द्र सिंह, भगवान कार्की,कमला रावत, रेनुक भैसोड़ा,आदि मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। गुजरात हाईकोर्टमें राहुल गांधी के लोकसभा सदस्यता स्थगित किए जाने के सम्बंध में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कोई राहत नही मिलने से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में रोष दिखा।कांग्रेसी नेताओं ने जगह जगह केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन और पुतला दहन किया।वही न्यायालय से आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत मिलने की उम्मीद लगाए कार्यकर्ताओं को न्यायालय से कोई राहत नही मिलने से कांग्रेसी नेताओं ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।वही प्रधानमंत्री मोदी पर सत्ता की आड़ में विपक्षियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)द्वारा जांच कराकर गलत तरीके से फंसाए जाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांसद सदस्यता समाप्ति किये जाने पर नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई तिराहे पर एकत्र होकर केंद्र सरकार व नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने राहुल की लोकप्रियता को देखते हुए इस तरह का निर्णय लिया। राहुल गांधी द्वारा विपक्ष में मजबूती से देश हित के लिए आमजन को केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ विरोध करने के चलते मोदी सरकार द्वारा गलत तरीके से



फंसाकर उनकी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करवाया गया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की जुमलेबाजी और वाकपटुता से देशवासियों को भृमित कर हिटलरशाही से सत्ता चलाने का आरोप लगाया।देश को गुमराह कर गरीबी वेरोजगारी महंगाई दिलाकर देश के गरीबों को रोजी रोटी के लिए तरसा दिया है,कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशवासियों को हर खाते में15 लाख के दावे का गरीबों को बेसब्री से इंतजार था जो केवल झूठा वायदा होकर रह गया।उन्होंने कहा कि मोदी कहते है तो करते है अब केवल शिगूफा तो फिर कैसे और किससे विश्वास करें।इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला,रंजीत दास, गोकुल परिहार, कवि जोशी,लक्ष्मी धर्मशक्तू, भीम कुमार,हरीश त्रिकोटी, ललित गोस्वामी, आदि मौजूद रहे।

# हमला कर नगदी और मोबाइल लूटा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने कुछ युवकों पर दुकान में घुसकर गाली गलौज, धमकाने और लूटपाट का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में कुसुमखेड़ा में फर्नीचर की दुकान चलाने वाले उजाला नगर बनभूलपुरा निवासी मो. जाहिद पुत्र अहमद हुसैन ने कहा है कि उसकी भाई राशिद मलिक 5 जुलाई की शाम दुकान में बैठा था। तभी आशु पाठक नामक युवक अपने सात–आठ साथियों के साथ वहां आ धमका और गाली गलौज करने लगे।धमकी देने लगे कि यदि यहां दुकान चलानी है तो उन्हें महीना देना पड़ेगा। आरोप है कि इस बीच आरोपियों ने मोबाइल फोन के साथ ही 5600 रूपये की नगदी लूट ली और जान से मारने की नियत से सिर पर डंडे से हमला बोल दिया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गौला नदी के भूकटाव से रेलवे लाईन को खतरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पहाड़ों में हो रही लगातार बरसात से गौला नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिसके चलते हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पटरियों को गौला नदी के भू कटाव से खतरा पैदा हो गया है। पिछले वर्ष भी गौला नदी ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाया था और इस बार भी भू कटाव शुरू हो गया है। वहीं भू कटाव बढ़ने से रेलवे लाइन को बड़ा नुकसान हो सकता है, जिससे ट्रेनों के संचालन में भी दिक्कतें सामने आ सकती हैं। जिसके बाद एसडीएम मनीष कुमार सिंह ने भू कटाव क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए बताया कि रेलवे के अधिकारियों को कटाव संबंधी जानकारी तत्काल भेजी जा रही है। इसके अलावा रेलवे ट्रैक को नुकसान न पहुंचे इसके लिए रेलवे को उचित उपाय करने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं। साथ ही वन विभाग व सिंचाई विभाग को भी रेलवे ट्रैक को नुकसान न पहुंचे इसके लिए तटबंध बनाने सहित आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।



# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिये उपनिर्वाचन की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

## बागेश्वर विधानसभा में 172 मतदान केंद्र, 188 बूथ और क्षेत्र में 117973 कुल मतदाता

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विधानसभा उप निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करने टीम के साथ पहुंचे राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी षणमुगम जिला मुख्यालय पहुँचे। उन्होंने विकास भवन सभागार में उप निर्वाचन की समीक्षा करते हुए कहा कि शीघ्र ही बागेश्वर (अजा) निर्वाचन क्षेत्र में उप निर्वाचन होना है, इसलिए सभी सामग्री के लिए टैंडर प्रक्रिया कर ली जाय। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन के साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हिकरण कर लिया जाय।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नोडल अधिकारियों, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही कार्मिकों का डाटाबेस तैयार कर लें, व उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तय कर लिया जाय। उन्होंने कहा निर्वाचन के लिए रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लांन, वाहन उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय। उन्होंने मतेदय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बूथों में बिजली, पानी, शौचालय व रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्वाचन सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त सुरक्षा बलों की व्यवस्था करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग हो तो भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मतदान एवं मतगणना कार्मिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाय, ताकि मतदान के समय किसी भी परेशानी का





सामना न करना पडें, यदि कार्मिकों को ईवीएम से संबंधित शंकायें हो तो उनका समाधान प्रशिक्षण में ही कर लिया जाय।उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने दायित्वों को समझ लें व आयोग के निर्देशों को पालन करते हुए कार्यो का संपादन करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान हेतु जागरूकता बढाने के लिए स्वीप टीम को भी सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी प्रत्याशियों का व्यय लेखा सुस्पष्ट रखने के निर्देश भी दिए। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए भी तैयार रहते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लेने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी अनुराधा पाल व अपर जिलाधिकारी सीएस इमलाल ने बताया कि विधानसभा बागेश्वर में 172 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 188 बूथ है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 117973 कुल मतदाता है, जिसमें से 59897 पुरूष व 58076 महिला मतदाता है, जबकि 2206 सर्विस मतदाता व 1356 दिव्यांग मतदाता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 2557 मतदाता है, जिनमें 912 पुरूष व 1645 महिला है। उन्होंने बताया निर्वाचन के लिए 1071 बीयू, 1125 सीयू, 1061 वीवीपैट उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नोडल अधिकारियों की तैनाती कर ली गयी है, साथ ही बीएसटी, वीवीटी, एसएसटी, एफएसटी, एलएमटी व एटी टीमों का भी गठन कर लिया गया हैं, जिनको शीघ्र प्रशिक्षण दिया जोयगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन सामाग्री के लिए टैंडर कर लिए गए है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के लिए 160 मैक्सी वाहन, 30 मध्यम वाहन व 40 भारी वाहनों का भी चिन्हिकरण कर लिया गया है। आरओ व एआरओ के माध्यम से बूथों का निरीक्षण कर लिया गया है। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से पुनः बूथों का निरीक्षण कराया जायेगा।बैठक के उपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस में ईवीएम मशीनों की पूर्व जांच का निरीक्षण भी किया। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह, राज्य नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा मनमोहन मैनाली, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उपजिलाधिकारी हरगिरि, मोनिका, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, मुख्य कृषि अधिकारी गीतांजलि बंगारी, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, कोषाधिकारी इन्द्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, तहसीलदार दीपिका आर्य, तितिक्षाजोशी, एआरटीओ पंकज श्रीवास्तव, सहायक निर्वाचन अधिकारी आरसी आर्या आदि मौजूद थे।

## राज्यपाल से मिले सीएम धामी मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चायें तेज

देहरादून (उद संवाददाता)। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भले ही अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन राज्यपाल से मिलने के बाद अब यह संकेत मिलने लग गए हैं कि जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार होने वाला है । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राजभवन में राज्यपाल गुरुमीत सिंह से मुलाकात करने पहुंचे। सीएम धामी



की राज्यपाल से मुलाकात को कैबिनेट विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है। बीते दिनों दिल्ली गए सीएम धामी के दौरे के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में सीएम ने अपने पत्ते नहीं खोले थे, लेकिन जानकार ऐसा मानते है की मुलाकात के कई अहम मायने है। गौरतलब है कि प्रदेश मंत्रीमंडल में रिक्त पदों को भरने के लिये सरकार और संगठन के नेताओं के साथ मंत्रणा के बाद दिल्ली से लौटकर देहरादून पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी जल्द मंत्रीमंडल विस्तार का ऐलान कर सकते है।

## पशु क्रूरता रोकने को उठाएं सख्त कदम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में पशु क्रूरता रोकने के लिए सभी संबंधित अधिकारी सख्त कदम उठायें। यह निर्देश जिलाधिकारी रीना जोशी ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम- 1960 एवं पशु परिवहन अधिनियम 2001 का अनुपालन कराये जाने को लेकर पशुपालन, परिवहन, राजस्व, पुलिस, उद्योग आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं पशु परिवहन अधिनियम 2001 का जनपद में सख्ती से अनुपालन करवाया जाय। संयुक्त रूप से चौकिंग अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाय कि वाहनों में पशुओं के परिवहन में



उन्हें मानकानुसार पर्याप्त स्थान दिया गया हो। वाहनों में पशुओं को ठूस-ठूसकर न भरा गया हो। मुर्गी, बकरा आदि पशुओं को दुपहिया वाहनों में लटकाकर अथवा बांधकर न ले जाया जा रहा हो तथा जिन पशुओं का परिवहन किया जा रहा हो उनके स्वस्थ होने संबन्धी प्रमाण पत्र सक्षम पशु चिकित्सा अधिकारी से संबंधित परिवहनकर्ता द्वारा लिया गया हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से मांस की दुकानों की भी चेकिंग करने के निर्देश दिये ताकि उनके द्वारा नियमानुसार पशु वध एवं मानकानुसार मांस विक्रय किया जाय तथा साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाय। बैठक में उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, अपर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज जोशी, सीओ नरेंद्र पंत आदि उपस्थित थे।

## सहस्त्रधारा रोड पर काटे गए पेड़ों को पुनः रोपित करें : रविंद्र

देहरादून(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी कर देहरादून के सहस्त्रधारा रोड पर सड़क चौड़ी करने के नाम पर काटे गए हजारों पेड़ों के संबंध में सरकार से सवाल किए। उन्होंने कहा कि सहस्त्रधारा रोड पर वर्षों से लगे हजारों पेड़ों को काटा गया लेकिन उनकी जगह पुनः पेड़ रोपित करने का कार्य नहीं किया जा रहा इस पर सरकार चुप है सरकार को चाहिए कि इसी मॉनसून सीजन में जल्द से जल्द सहस्त्रधारा रोड पर काटे गए पेड़ों के बदले अतिरिक्त पेड़ लगाए जिससे कि आपदा से बचा जा सके। श्री आनंद ने कहा कि आपदा तभी आती है जब हम प्रकृति से छेड़छाड़ करते हैं और हजारों लाखों पेड़ कट जाने के बाद देहरादून जिले में आज जो जलभराव का संकट है यह उसका एक मुख्य कारण है क्योंकि पेड़ पानी को सोखने का कार्य करते हैं। इसीलिए इस प्रकार की जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई। उन्होंने आगे कहा कि वे जन्म से देहरादून में रह रहे हैं उन्होंने इस प्रकार का जलभराव कभी नहीं देखा तो क्या यह माना जाए कि सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यकरण कर, देहरादून को स्मार्ट सिटी बनाने के सापेक्षिक सरकार ने जो प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की है यह जलभराव उसी का नतीजा है ? दूसरा सवाल यह की सरकार कब तक सहस्त्रधारा रोड पर रिप्लांटेशन का काम समाप्त करेगी ? इस पर भी सरकार जवाब दें ? तीसरा उन्होंने कहा कि सरकार हरेला के नाम पर न जाने कितने कार्यक्रम आयोजित करती है परंतु हरेला निकल जाने के बाद उन पौधों की सुध कोई नहीं लेता। हरेला का कार्य केवल फोटो सेशन तक सीमित रहता है यही कारण है कि 90% तक पौधे मर जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सहस्त्रधारा रोड पर रीप्लांटेशन का कार्य संजीदगी से लें अन्यथा वह इस मुद्दे पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

## पेज एक का शेष...

**ट्रक की टक्कर से ....** हालत देखते हुए ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर कर दिया। घायलों में 20 वर्षीय आशीष पुत्र सुरेश निवासी चंचल पार्क थाना नारोला नई दिल्ली, 45 वर्षीय राजेंद्र पुत्र भूप सिंह निवासी सत्यम बिहार थाना नरोला चंचल पीठ दिल्ली, 16 वर्षीय अंशु पुत्र राजेंद्र निवासी निवासी सत्यम बिहार थाना नरोला चंचल पीठ दिल्ली,20 वर्षीय मोहित पुत्र सतपाल निवासी नंद नगरी दिल्ली, 19 वर्षीय अभिषेक पुत्र सुरेश निवासी चंचल पार्क थाना नरोला नई दिल्ली, 25 वर्षीय अंकित पुत्र कुलदीप निवासी चंचल पार्क, 26 वर्षीय सचिन पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी बक्करवाला थाना मुंडका दिल्ली, 18 वर्षीय वंश पुत्र राजेंद्र निवासी चंचल पार्क थाना नरोला दिल्ली,विकास पुत्र मुकेश कुमार निवासी थाना दक्षिणपुरी अंबेडकर नगर नई दिल्ली,छोटा हाथी चालक राजा निवासी मुरादाबाद आदि शामिल हैं।

**भाजपा और कांग्रेस....** धर्मशाला की सम्पूर्ण भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त नहीं कराया गया है। आरोप है एक व्यक्ति द्वारा स्वयं व अपने रिश्तेदार के बल पर अपने निजी लाभ के लिए व धर्मशाला की भूमि पर कब्जा करने की योजना से धर्मशाला की समस्त भूमि को मुक्त करने में वाधा उत्पन्न की जा रही है। स्थानीय लोगों के विवाह आदि समारोह आयोजन के लिए धर्मशाला ही एकमात्र सहारा है। लेकिन भूमाफिया इस पर भी कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। धर्मशाला निर्माण कार्य में बाधा डाले जाने की सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता पार्षद मोहन खेड़ा व सुनील आर्य आदि स्थानीय कार्यकर्ता आ गए तो वहीं दूसरे पक्ष के भाजपा उत्तरी मंडल के महामंत्री राधेश शर्मा और उनके समर्थक आ पहुंचे। बातचीत के दौरान मोहन खेड़ा और राधेश शर्मा के मध्य तीखी नोंकझोंक शुरू हो गई। दोनों आरोप प्रत्यारोपों की झड़ी लगाने लगे। जिस पर वहां पर खड़े लोगों ने दोनों को बमुश्किल शांत कराया। इसके बाद सभी की सहमति बनी कि जनहित में निर्धारित स्थान पर धर्मशाला का निर्माण कराया जायेगा। जिसकी निगरानी भी की जाती रहेगी।

**जंगल में पेड़...** कर शव को पेड़ से नीचे उतारा और शिनाख्त के प्रयास किए। लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया जाता है पुलिस को निरीक्षण के दौरान मौके से तीन डिस्पोजल गिलास, पानी की बोतल और एक खाली क्वाटर बरामद हुआ। शव प्लास्टिक की रस्सी से लटका था। जो जमीन से मात्र 6 इंच ऊपर था। मृतक युवक ने पीले रंग की शर्ट और काले रंग का लोअर पहना है। शव 8 से 10 घंटे पुराना बताया जा रहा है। पुलिस मामले को सुसाइड मान रही है। लेकिन मौके पर मिले गिलास और खाली क्वार्टर से अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक के साथ दो और लोग हो सकते हैं। ऐसे में उसकी हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**गंगनहर में कूदा...** को बचाने के लिए घंटों तक गंगनहर खंगाली, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि गंगनहर में कूदने वाले कावंड़ यात्रियों के बारे में अभी पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं है। दोनों कांवड़ यात्री कहां के थे। उनके नाम और पते की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही कांवड़ यात्री गंग नहर में कूदने की वजह भी पता नहीं चल पाई है।

**सगे भाई को ....** कालू उसके कमरे में चोरी की नियत से घुसा सुबह सुबह दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें छोटे भाई ने बड़े भाई देव सिंह के सिर में ईट मारकर घायल कर दिया। देव सिंह के सिर में गहरी चोट आई है। देव सिंह को जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया घटना की तहरीर थाना ट्रांजिट कैम्प में दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मकान की छत...** हो गए।तेज आवाज के साथ छत का मलबा गिरने से घर में सो रहे अन्य सदस्य भी जाग गए। शोर शराबा होने से आस-पड़ोस के लोग भी जाग गए। दोनों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

**आयुर्वेद विवि के ...** पेंशन एवं हकदारी में अटैच कर दिया था। लेकिन, वह अभी भी आयुर्वेद विश्वविद्यालय में जमे हैं। यही नहीं भुगतान के चेकों पर अभी भी उनके हस्ताक्षर हो रहे हैं।इससे पहले जनवरी में भी शासन ने उन्हें आयुर्वेद विश्वविद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी के पद से मुक्त कर वापस उनके मूल पद कोषाधिकारी रुद्रप्रयाग ज्वाइन करने के आदेश दिए थे। लेकिन, आदेश के बावजूद वह उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में जमे रहे।

**हादसे में...** चोट लगने से टिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। राह गुजरते लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी चिकित्सालय आ गये। जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। प्राथमिक उपचार करा कर परिजन घायल टिंकू को अपने साथ ले गये1

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## गुरूद्वारा में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम बिंदुखेड़ा के संत बाबा मेहर सिंह गुरद्वारा साहिब में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व भाजपा नेता सुरेश कोली एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनदीप वर्मा को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष



शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की एवं लंगर प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर संत बाबा मेहर सिंह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान प्रीतम सिंह, सरदार कुलवंत सिंह, गुरचरण सिंह, जोगेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, जसवंत सिंह, सुरेश कोली, मनदीप वर्मा, संदीप सिंह बाजवा, जरनैल सिंह, अमरिक सिंह, जगीर सिंह, मलकीत सिंह, ग्राम प्रधान काबल सिंह आदि मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

CONSTRUCTING HAPPINESS

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000